# कबड्डी प्रमोटर हत्या का मामला: पुलिस ने घटना में शामिल डोनी बल्ल, लक्की पटियाल की पहचान की

प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली
समर न्यूज़

प्रसिद्ध कबड्डी प्रमोटर कुंवर दिग्विजय सिंह उर्फ़ राणा बलाचौरिया की नृशंस हत्या के मामले में मोहाली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। इस संबंध में जानकारी देते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसएसपी, साहिबज़ादा अजीत सिंह नगर हरमनदीप सिंह हांस ने बताया कि इस घटना में शामिल दोनों आरोपियों की पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। एसएसपी हांस ने बताया कि शूटरों की पहचान आदित्य कपूर उर्फ़ मख्खन और करण पाठक उर्फ़ डिफॉल्टर करण के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि दोनों आरोपी डोनी बल्ल और लक्की पटियाल गैंग से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि हत्या के पीछे मुख्य कारण कबड्डी टूर्नामेंटों में अपना वर्चस्व बनाए रखना प्रतीत होता है। एसएसपी ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए 12 विशेष पुलिस टीमों का गठन कर उन्हें विभिन्न स्थानों पर भेजा गया है, ताकि उन्हें शीघ्र गिरफ्तार किया जा सके। सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों को सिरे से खारिज करते हुए एसएसपी हांस ने स्पष्ट किया कि इस हत्या का सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड से कोई संबंध नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच के अनुसार यह घटना गैंगस्टरों द्वारा कबड्डी मैचों पर नियंत्रण और वर्चस्व स्थापित करने से जुड़ी हुई है। आरोपियों की आपराधिक पृष्ठभूमि के बारे में बताते हुए एसएसपी ने कहा कि आदित्य कपूर के खिलाफ विभिन्न पुलिस थानों में 13 एफआईआर दर्ज हैं, जबकि करण पाठक के खिलाफ 2 एफआईआर दर्ज हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि टूर्नामेंट आयोजन समिति के पास प्रतियोगिता आयोजित करने के लिए सभी आवश्यक अनुमतियां थीं। यह घटना राणा बलाचौरिया द्वारा प्रायोजित टीम का मैच समाप्त होने के बाद, जब वह मैदान से बाहर निकल रहे थे उस समय घटित हुई। एसएसपी हरमनदीप सिंह हांस ने कहा कि पंजाब पुलिस, पुलिस महानिदेशक गौरव यादव के नेतृत्व में इस प्रकार की आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने में पूरी तरह सक्षम है और आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास जारी हैं।


पुलिस अधिकारी जानकारी देते हुए। - समर न्यूज़

**गांव में मातम का माहौल :** कबड्डी खिलाड़ी और प्रमोटर राणा बलाचौरिया का उनके पैतृक गांव चणकोआ में अंतिम संस्कार किया गया। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद राणा बलाचौरिया का पार्थिव शरीर गांव लाया गया, जहां उन्हें अंतिम विदाई दी गई। जैसे ही शव गांव पहुंचा पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई और हर आंख नम हो गई। परिजनों और ग्रामीणों के अनुसार, बेटे का शव देखते ही राणा बलाचौरिया के पिता फूट-फूट कर रो पड़े। परिवार के अन्य सदस्यों की हालत भी बेहद खराब थी। गांव में मातम का माहौल रहा और बड़ी संख्या में लोग अंतिम दर्शन के लिए पहुंचे। हर कोई इस निर्मम हत्या से स्तब्ध नजर आया।

# पंचायत समिति चुनाव: मोहाली में गणना दलों का रैंडमाइज़ेशन पूरा

प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली
समर न्यूज़


जानकारी देते हुए अधिकारी। - समर न्यूज़

साहिबजादा अजीत सिंह नगर जिले के खरड़, माजरी और डेराबस्सी खंडों में हुए पंचायत समिति चुनाव-2025 की निष्पक्ष और पारदर्शी गणना सुनिश्चित करने के लिए आज गणना कर्मचारियों को निर्वाचन क्षेत्रों का आवंटन करने हेतु गणना दलों का रैंडमाइजेशन चुनाव पर्यवेक्षक अमृत सिंह की उपस्थिति में किया गया। इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए जिला चुनाव अधिकारी-सह-उपायुक्त कोमल मित्तल ने बताया कि प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र को 14 गणना पटलों के मुकाबले 5 आरक्षित दलों सहित, प्रत्येक पटल पर चार-चार सदस्यीय दल का आवंटन किया गया है, जिसमें से खरड़ और माजरी पंचायत समितियों की गणना सरकारी बहु-तकनीकी महाविद्यालय, खूनीमाजरा, जबकि डेराबस्सी की गणना सरकारी महाविद्यालय, डेराबस्सी में की जा रही है। उन्होंने गणना दलों को सुबह 6 बजे गणना केंद्रों पर रिपोर्ट करने के लिए कहा। उपायुक्त ने बताया कि गणना कर्मचारियों को गणना प्रक्रिया संबंधी प्रशिक्षण पहले ही दिया जा चुका है ताकि मतों की निर्बाध गणना को समय पर पूर्ण किया जा सके। गणना कल सुबह 8 बजे आरंभ होगी। गणना दलों की रैंडमाइजेशन प्रक्रिया के दौरान अतिरिक्त उपायुक्त-सह-अतिरिक्त जिला चुनाव अधिकारी सोनम चौधरी भी उपस्थित थीं।

# न्यायालय में करेंगे लोगों की पक्षधरता: कुलवंत सिंह

प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली
समर न्यूज़


विधायक कुलवंत सिंह फेज-11 में दंगा पीड़ितों और दुकानदारों द्वारा दिए गए धरने में सम्मिलित होते हुए। - समर न्यूज़

पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार लोगों द्वारा चुनी गई सरकार है। आम आदमी पार्टी की सरकार को प्रदेश के लोगों ने बड़े ही उत्साह के साथ बनाया है और लोगों द्वारा चुनी गई भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली सरकार लोगों की समस्याओं और पंजाब के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयत्नशील है। यह बात आज मोहाली के विधायक कुलवंत सिंह ने पत्रकारों के साथ बातचीत करते हुए कही। विधायक कुलवंत सिंह आज फेज-11 में दंगा पीड़ितों और दुकानदारों द्वारा दिए जा रहे धरने के अवसर पर लोगों से मिलने के लिए पहुँचे थे। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए विधायक कुलवंत सिंह ने कहा कि माननीय उच्च न्यायालय के आदेश हैं कि जो 'गमाडा' की नीति बनी हुई है, उस नीति को मुख्य रखते हुए मोहाली में जो गलत निर्माण किया गया है, उसे गिराया जाए। उन्होंने आगे कहा, "मैं आपको यह स्पष्ट कर देना चाहता हूँ कि ये आदेश न ही हमारे हैं और न ही आम आदमी पार्टी की सरकार के हैं, परंतु इस धरने से झूठी प्रशंसा बटोरने के लिए दूसरे राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि यहाँ पहुँचकर लोगों को माननीय न्यायालय के आदेशों के संबंध में भ्रमित कर रहे हैं।" उन्होंने कहा कि सरकार का काम होता है लोगों की भलाई के लिए कानून बनाना और सर्वांगीण विकास करना। विधायक कुलवंत सिंह ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यहाँ बैठे सभी लोग शिक्षित और समझदार हैं और सभी यह जानते हैं कि इस कार्यवाही में हमारी सरकार का कोई हाथ नहीं है, बल्कि ये माननीय न्यायालय के आदेश हैं। नीड बेस्ड पॉलिसी वर्ष 2011 में एन.के. शर्मा और मैंने स्वयं मिलकर बनाई थी और यह नीति लागू भी हो चुकी थी, परंतु इसमें हम सभी का दोष है जो यहाँ बैठे हैं। हमने उस समय जो सरकारी शुल्क था वह नहीं भरा और न ही आवेदन पत्र भरे गए।

# पीएम विकसित भारत रोजगार योजना पर बैठक का हुआ आयोजन

मुकुल शर्मा | पंचकूला
समर न्यूज़

जिला रोजगार कार्यालय एवं डीआईसी पंचकूला की ओर से पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस सेक्टर-1 में प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना को प्रोत्साहित करने हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रधान सचिव युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग हरियाणा राजीव रंजन ने की। बैठक में विभिन्न एसोसिएशन के प्रतिनिधि, अस्पतालों व स्कूलों के नियोक्ता सहित करीब 100 प्रमुख नियोक्ता शामिल हुए। राजीव रंजन ने बताया कि यह योजना 1 अगस्त 2025 से लागू है, जिसके लिए केंद्र सरकार ने 99,446 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। योजना का लक्ष्य दो वर्षों में 3.5 करोड़ रोजगार को बढ़ावा देना है। भाग-ए के तहत पहली बार नौकरी पाने वाले ईपीएफओ पंजीकृत कर्मचारियों को 15 हजार रुपये तक का लाभ मिलेगा।

# हत्यारों को हथियार, वाहन और पनाह देने वाले 2 आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

## पैरी मर्डर केस : सोनू नोल्टा मर्डर केस के दो आरोपियों को भी इन्ही दोनों ने दी थी पनाह

मुकुल शर्मा | पंचकूला
समर न्यूज़

डिटेक्टिव स्टाफ टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चंडीगढ़ में इंदरप्रीत उर्फ पैरी की हत्या के मामले में फरार आरोपियों को हथियार, मोबाइल फोन, सिम कार्ड और वाहन उपलब्ध करवाने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान फरीदकोट, पंजाब निवासी शिवम शर्मा, उम्र 23 वर्ष और गोपाल कुमार, उम्र 21 वर्ष के रूप में हुई है। दोनों आरोपियों को 14 नवंबर को खरड़ क्षेत्र से गुप्त सूचना के आधार पर काबू किया गया। डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक मनप्रीत सिंह सूदन ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि शिवम शर्मा के खिलाफ फरीदकोट में नशा तस्करी का एक मामला दर्ज है, जबकि गोपाल कुमार के खिलाफ लड़ाई-झगड़े के दो आपराधिक मामले दर्ज हैं।


आरोपियों के बारे में जानकारी देती हुई पुलिस - समर न्यूज़

पूछताछ में यह भी खुलासा हुआ है कि दोनों आरोपी अपने अन्य साथियों अंकुश और पीयूष के साथ मिलकर फरीदकोट में अजय नामक युवक की हत्या की साजिश रच रहे थे। इसके अलावा दोनों आरोपी हेरोइन तस्करी में भी संलिप्त पाए गए हैं। डीसीपी मनप्रीत सिंह सूदन ने आगे बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों के कुख्यात अपराधी हैरी बॉक्सर के साथ संपर्क सामने आए हैं।

जांच में यह तथ्य भी उजागर हुआ है कि दोनों आरोपियों ने पिंजौर में सोनू नोल्टा नामक युवक की हत्या में शामिल फरार आरोपियों अंकुश और पीयूष को पनाह दी थी। इस संबंध में थाना पिंजौर में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं तथा आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को 15 दिसंबर को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें 5 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान आरोपियों से गहन पूछताछ कर मामले से जुड़े अन्य तथ्यों, हथियारों की सप्लाई चेन और फरार आरोपियों के ठिकानों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही हत्या में शामिल अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज की अगुवाई में डिटेक्टिव स्टाफ इंचार्ज मनदीप सिंह की टीम द्वारा मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

# पंचकूला व कालका विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ की ट्रेनिंग सम्पन्न

## बीएलओ अपने-अपने क्षेत्र में घर-घर जाकर संबंधित मतदाताओं से जानकारी प्राप्त करके मिलान से सम्बंधित कार्य करेंगे-उपायुक्त

मुकुल शर्मा | पंचकूला


प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान बीएलओ। - समर न्यूज़

भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार व जिला निर्वाचन अधिकारी सतपाल शर्मा के मार्गदर्शन में जिला की पंचकूला व कालका दोनों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचक पंजीयन अधिकारी चन्द्रकांत कटारिया, उप मण्डल अधिकारी (ना) पंचकूला, 02-पंचकूला विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र व संयम गर्ग, उप मण्डल अधिकारी (ना) कालका, 01-कालका विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की अध्यक्षता में सभी बीएलओ को आज पीडब्लयूडी विश्राम गृह, सेक्टर-1 के सभागार में ट्रेनिंग दी गई।

चन्द्रकान्त कटारिया ने बताया कि जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण से पूर्व की गतिविधि के तहत जिले में सभी बीएलओ द्वारा राज्य में हुए पिछले गहन पुनरीक्षण की मतदाता सूची वर्ष 2002 से राज्य के वर्तमान मतदाताओं का मिलान किया जा रहा है। जिसके लिए सम्बंधित बीएलओ 17 दिसंबर से 27 दिसंबर तक अपने अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में घर-घर जाकर सम्बंधित मतदाताओं से जानकारी प्राप्त करके मिलान से सम्बंधित कार्य करेंगे।

इस दौरान जिन मतदाताओं का नाम वर्ष 2002 की मतदाता सूची में दर्ज नहीं है। ऐसे सभी मतदाताओं से अनुरोध है कि उनके माता-पिता, दादा-दादी का नाम भारत के किसी राज्य की या हरियाणा राज्य की किस विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के किस भाग (मतदान केन्द्र संख्या) व मतदाता सूची की क्रम संख्या में वर्ष 2002 की मतदाता सूची में दर्ज था, उसे अपने पास लिखकर रखें ताकि बीएलओ द्वारा किये जा रहे डोर-टू-डोर के दौरान ऐसे योग्य मतदाताओं का भी मिलान किया जा सके।

उन्होंने बताया कि जिले की दोनों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के जिन मतदाताओं को यह मालूम नहीं है कि वर्ष 2002 की मतदाता सूची में स्वयं उनका नाम या उनके माता-पिता, दादा-दादी का नाम भारत के किसी राज्य की या हरियाणा राज्य की किस विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के किस भाग (मतदान केन्द्र संख्या) व मतदाता सूची की क्रम संख्या में दर्ज है, ऐसे सभी मतदाताओं से अनुरोध है कि वे भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाईट www.eci.gov.in पर उपलब्ध Search your name in last SIR के तहत अपने माता-पिता, दादा-दादी का नाम खोज सकते है ताकि जिले की दोनों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की तैयार की जाने वाली मतदाता सूची को त्रुटि रहित तैयार किया जा सके।

# सेंटर के तीन किमी दायरे में ड्राई डे घोषित

प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली
समर न्यूज़

डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट कोमल मित्तल ने पंजाब एक्साइज एक्ट, 1914 के सेक्शन 54 और रिप्रेजेंटेशन ऑफ द पीपल एक्ट, 1951 के सेक्शन 135C और इंडियन सिविल डिफेंस एक्ट, 2023 के सेक्शन 163 के तहत मिली शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए, साहिबजादा अजीत सिंह नगर जिले में 17.12.2025 को वोटों की गिनती के दिन सुबह 5 बजे से शाम 5 बजे तक स्ट्रांग रूम काउंटिंग सेंटर के तीन किलोमीटर के दायरे में शराब की दुकानों और परिसरों को बंद रखने के आदेश जारी किए हैं।

उन्होंने साफ किया कि ऊपर बताई गई तारीख और समय के दौरान कोई भी शराब की दुकान या परिसर खुला नहीं रहेगा और न ही होटलों, रेस्टोरेंट और क्लबों में शराब परोसी जाएगी और न ही कोई व्यक्ति शराब स्टोर कर सकेगा।

# 1984 दंगा पीड़ितों के परिजनों को मिलेगी सरकारी नौकरी: उपायुक्त

मुकुल शर्मा | पंचकूला
समर न्यूज़

उपायुक्त सतपाल शर्मा ने बताया कि हरियाणा सरकार ने वर्ष 1984 में हुए सिख विरोधी दंगों में मृतकों के पीड़ित परिवारों के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने का निर्णय लिया है। यह नियुक्ति हरियाणा कौशल निगम के अंतर्गत योग्यता के आधार पर दी जाएगी। सरकार ने ऐसे परिवारों को यह लाभ देने का निर्णय लिया है, जिनके परिवार के किसी सदस्य की मृत्यु 1984 के सिख विरोधी दंगों के दौरान हरियाणा में अथवा हरियाणा से बाहर हुई थी। नियुक्ति हरियाणा राज्य में ही दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि जिला पंचकूला से संबंधित प्रभावित परिवार 18 दिसंबर को प्रात 10 बजे तक कमरा नंबर 120, लघु सचिवालय, सेक्टर-1, पंचकूला में निम्नलिखित जानकारी एवं दस्तावेज़ जमा करवाएं, ताकि इन्हें समय पर सरकार को भेजा जा सके।


उपायुक्त सतपाल शर्मा - समर न्यूज़

मृतक का नाम, मृत्यु की तिथि एवं स्थान, मृत्यु प्रमाण पत्र की प्रति, एफआईआर की प्रति अथवा अन्य संबंधित दस्तावेज़, जो यह प्रमाणित करें कि मृत्यु 1984 के सिख विरोधी दंगों में हुई थी। जिस परिवार सदस्य को नौकरी दी जानी है उसका नाम, आधार नंबर, शैक्षणिक योग्यता, मृतक के साथ संबंध, आयु एवं जन्म तिथि, श्रेणी का विवरण (एससी/ओबीसी/एसटी/सामान्य), पीड़ित परिवार का रिहायशी प्रमाण पत्र (हरियाणा या यूटी/अन्य राज्य का) इसके अतिरिक्त, जिस सदस्य को नौकरी दी जानी है, उसके पक्ष में परिवार के अन्य सदस्यों द्वारा एनओसी, शपथ पत्र एवं सहमति पत्र भी प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

# पंजाब सरकार खिलाड़ियों को सुरक्षा प्रदान करने में विफल: एनके शर्मा

समर न्यूज़ | डेराबस्सी

शिरोमणि अकाली दल के कोषाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक एनके शर्मा ने मोहाली में हुई कबड्डी खिलाड़ी की हत्या की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए मौजूदा सरकार को घेरा है।

एन के शर्मा ने कहा कि पंजाब वासियों को रंगला पंजाब का सपना दिखाने वाली आम आदमी पार्टी की सरकार खिलाडिय़ों को सुरक्षा प्रदान करने में पूरी तरह से विफल साबित हुई है। उन्होंने कहा कि शिरोमणि अकाली दल की सरकार के कार्यकाल के दौरान पंजाब के हर गांव तथा कस्बे में खेल मेलों का आयोजन किया जाता था लेकिन जब से आम आदमी पार्टी की सरकार आई है तब से खेल के मैदानों में खिलाडिय़ों की हत्या हो रही है।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2022 में नकोदर में संदीप नंगल अंबियां, इस साल के दौरान अक्टूबर में जगरांव में तेजपाल सिंह, नवंबर में लुधियाना में खिलाड़ी गुरविंदर सिंह और अब दिसंबर में मोहाली में राणा बलाचौरिया की हत्या से खिलाडिय़ों तथा खेल प्रेमियों में भारी रोष पाया जा रहा है।

कबड्डी व कुश्ती पंजाब की खुशहाली का प्रतीक रही हैं लेकिन पिछले तीन वर्षों से न तो खिलाड़ी सुरक्षित हैं और न ही खेल प्रेमी सुरक्षित हैं। मोहाली में राणा बलाचौरिया की हत्या के दौरान सैकड़ों की संख्या में खेल प्रेमियों की भीड़ मौजूद थी। हमलावर भीड़ में आम जनता को भी निशाना बना सकते थे। इतने बड़े आयोजन में कम पुलिस बल की तैनाती सरकार की बड़ी असफलता है। पंजाब में आए दिन हो रही घटनाओं से खेल प्रेमियों में भारी रोष पाया जा रहा है।

# भ्रष्टाचार मामले में हेड कांस्टेबल दोषी करार

प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली
समर न्यूज़

भ्रष्टाचार के खिलाफ ज़ीरो टॉलरेंस नीति अपनाते हुए विजिलेंस ब्यूरो द्वारा पकड़े गए मोहाली के हेड कांस्टेबल सुखविंदर सिंह को अदालत ने दोषी करार दिया है। मोहाली की अदालत ने आरोपी को 4 साल की सश्रम कैद और 20,000 रुपये जुर्माने की सज़ा सुनाई। विजिलेंस ब्यूरो के एक आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी ने एक व्यक्ति को ज़मानत दिलाने में मदद के बदले 10,000 रुपये की रिश्वत मांगी थी। शिकायत मिलने पर विजिलेंस विभाग ने मामले की जांच कर जाल बिछाया। तय योजना के तहत आरोपी को 3,000 रुपये की रिश्वत दी गई, जिसकी बातचीत पहले ही रिकॉर्ड कर ली गई थी। इसके बाद सरकारी गवाहों की मौजूदगी में विजिलेंस टीम ने आरोपी के पास से रिश्वत की रकम बरामद कर गिरफ्तार कर लिया था।

**उद्घाटन** | गुरुद्वारा सिंह शहीदां सोहाणा प्रबंधक कमेटी की उपस्थिति में अरदास करके की गई काम की शुरुआत

# 17 करोड़ 71 लाख की लागत से बनने वाले चौक और टी-जंक्शन के कार्य का हुआ उद्घाटन

प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली
समर न्यूज़

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी की सरकार द्वारा मोहाली शहर का सर्वांगीण विकास किया जा रहा है। हमारी यह कोशिश है कि मोहाली में जहां विकास तेजी से हो, वहीं इसकी सुंदरता भी पहले की तुलना में और बढ़े। यह बात पत्रकारों से बातचीत करते हुए विधायक कुलवंत सिंह ने कही। विधायक कुलवंत सिंह गुरुद्वारा सिंह शहीदां सोहाणा के पास बनने वाले नए चौक की शुरुआत करने की रस्म अदा कर रहे थे।

इससे पहले गुरुद्वारा सिंह शहीदां की पूरी प्रबंधक कमेटी की मौजूदगी में अरदास की गई और कार्य की निर्विघ्न शुरुआत के लिए परमात्मा का आशीर्वाद लिया गया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने विधायक के ध्यान में लाया कि इस चौक का नाम बाबा जी के नाम पर रखा जाए, जिस पर विधायक कुलवंत सिंह ने कहा कि उनकी पूरी कोशिश रहेगी कि यह चौक बाबा जी को समर्पित करके इसका नाम उन्हीं के नाम पर रखा जाए। इस अवसर पर बोलते हुए विधायक कुलवंत सिंह ने कहा कि मोहाली में 5 चौक चरणबद्ध तरीके से बनाए जा रहे हैं। आज गुरुद्वारा सिंह शहीदां सोहाणा वाला चौक और इसके साथ ही दूसरा चौक सेक्टर 69-70, 77-78, 68-69, 78-79, 79-80 (सीपी 67 मॉल) के पास वाले चौक का काम शुरू किया गया है। इसके साथ ही दो टी-पॉइंट, जिनमें से एयरपोर्ट रोड पर स्थित आईआईएसईआर टी-पॉइंट 90 प्रतिशत तैयार हो चुका है। इसके अलावा चीमा चौक टी-पॉइंट और क्वार्क सिटी जंक्शन का काम शामिल है। इन सभी पर 17 करोड़ 71 लाख रुपये की लागत आएगी और इसका काम 'मैसर्स ग्रिफ्टकॉन इंफ्रास्ट्रक्चर' कंपनी को दिया गया है। तय समय सीमा के अनुसार अक्टूबर 2026 तक इसे पूरा कर जनता को समर्पित कर दिया जाएगा।


विधायक कुलवंत सिंह सहित अन्य लोग नक्शा देखते हुए। - समर न्यूज़

विधायक कुलवंत सिंह ने पत्रकारों से कहा कि आने वाले दिनों में विकास कार्यों में और तेज़ी आएगी। इस दौरान गमाडा के एस.ई. परमिंदर सिंह, एकसीयन (सिविल) सुखविंदर सिंह और चीफ इंजीनियर- अजय गर्ग भी उपस्थित थे। विधायक ने कहा कि गमाडा की टीम योजनाबद्ध तरीके से काम करेगी ताकि यातायात प्रभावित न हो। उन्होंने यह भी बताया कि सेक्टर-66 में महिला छात्रावास का शिलान्यास भी जल्द किया जा रहा है।

पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में विधायक ने कहा कि मोहाली में अवैध कब्जों को हटाने का अभियान माननीय अदालत के आदेशों पर चल रहा है। उन्होंने मेयर अमरजीत सिंह जीती सिद्धू पर निशाना साधते हुए कहा कि वह न केवल माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों की अवमानना कर रहे हैं बल्कि लोगों को. गुमराह भी कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सिद्धू भाइयों ने पिछले 15 वर्षों से मोहाली की जनता से झूठ बोला है, लेकिन अब लोग इनकी चालों को समझ चुके हैं। इस अवसर पर डॉ. कुलदीप सिंह, पार्षद रमनप्रीत कौर कुम्बड़ा, हरपाल सिंह चन्ना, सुखचैन सिंह, नंबरदार हरसंगत सिंह सोहाणा, सुरिंदर सिंह रोडा, सुशील अत्री, हरविंदर सिंह सैनी और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।